# लोक शिक्षण संचालनालय
# गौतम नगर भोपाल मध्य प्रदेश –462023
## Email ID- ucrs.dpi@mp.gov.in


क./यू.सी.आर./सी/09/भोपाल/2026/1579 भोपाल, दिनांक 05/08/2026

**प्राथमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक (विशेष शिक्षा) नियोजन 2026 अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज अपलोड एवं सत्यापन संबंधी सूचना**

//

कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक (विशेष शिक्षा) चयन परीक्षा वर्ष 2025 के परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थी जो दिनांक 17 से 20 जुलाई 2026 के मध्य अपने दस्तावेज अपलोड नहीं कर पाए है, को सूचित करते हुए दस्तावेज अपलोड एवं सत्यापन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल trc.mponline.gov.in पर प्रोफाइल पंजीयन एवं दस्तावेज अपलोड संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करें। संबंधित अभ्यर्थी निम्नलिखित समयसारिणी अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

1. प्रोफाइल पंजीयन, दस्तावेज अपलोड एवं जिला विकल्प चयन 10 अगस्त 2026 से दिनांक 12 अगस्त 2026 को 5 बजे तक
2. दस्तावेज सत्यापन (जिला स्तर पर) दिनांक 11 अगस्त 2026 से दिनांक 12 अगस्त 2026 तक

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त निर्धारित अवधि में एमपी ऑनलाइन पोर्टल trc.mponline.gov.in पर प्रोफाइल पंजीयन कर दस्तावेज अपलोड एवं जिला चयन की कार्यवाही पूर्ण कर पोर्टल शुल्क का भुगतान करें। पदस्थापना हेतु पोर्टल पर प्रदर्शित सभी जिलों को प्राथमिकता क्रम देना अनिवार्य है किन्तु जुलाई माह में हुई प्रकिया से शेष रिक्तियों पर ही संबंधितों की पदस्थापना हो सकेगी। दस्तावेज अपलोड करने के अगले दिवस उन्हे स्वयं द्वारा चयनित दस्तावेज सत्यापन केन्द्र पर उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन करवाना है। उक्तानुसार कार्यवाही समयसीमा में पूर्ण नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी चयन प्रकिया से बाहर हो जायेगे एवं उनकी नियुक्ति के संबंध में विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे निरंतर एमपी ऑनलाइन पोर्टल trc.mponline.gov.in पर देखते रहे।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

अपर संचालक
लोक शिक्षण मध्यपप्रदेश